फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 227 प्रभात जयपुर, सोमवार 18 मार्च, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT




**Early Pioneers 1914-1918** By 1914, the competition between the aviators was raging and that was reflected in World War I which was not long in coming.

**Pandemic Changed Personality Traits** Over the course of the pandemic, people became more conscientious, even more so in the later months of the pandemic.

# 'मोदी राजा की आत्मा सी.बी.आई., ई.डी. और ई.वी.एम. में बसती है'

■ राहुल गांधी ने इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' की समापन रैली को संबोधित करते हुये कहा कि, जनता के मुद्दे आज मीडिया से गायब हो चुके हैं, इन्हीं मुद्दों को सामने लाने के लिए उन्हें यह यात्रा करनी पड़ी।

मुंबई, 17 मार्च। कांग्रेस नेता और वायनाड के सांसद राहुल गांधी की ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' का मुंबई में रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुंबई के शिवाजी पार्क में एक अहम रैली आयोजित की गई, जिसमें भाजपा विरोधी विपक्षी दलों मतलब इंडिया गठबंधन के कई नेता भी शामिल हुए और इस दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर करारा हमला बोला। राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी को राजा बताते हुए कहा कि, राजा की आत्मा ई.वी.एम., सी.बी.आई. और ई.डी. में बसती है।

राहुल गांधी ने अपनी दोनों यात्राओं को लेकर कहा कि, पिछले साल हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा की। अगर मैं आपसे 2004, 2010, 2014 में पूछता कि, मुझे 4 हजार किमी कन्याकुमारी से कश्मीर चलना पड़ेगा, मैं। ऐसा सोच भी नहीं सकता था। ये यात्रा हमें क्यों करनी पड़ी? देश का कम्युनिकेशन सिस्टम, मीडिया या सोशल मीडिया, देश के हाथ में नहीं है। जनता के मुद्दे बेरोजगारी, हिंसा, नफरत, महंगाई, किसानों, अग्निवीर के मुद्दे आपको मीडिया में नहीं दिखेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि, हमको ये यात्रा इसलिए करनी पड़ी, क्योंकि कोई और चारा नहीं था। देश के ध्यान को पकड़ने के लिए हमने यह यात्रा की है। सिर्फ राहुल गांधी नहीं चला, हिंदुस्तान का पूरा विपक्ष, कई नेता इस यात्रा में शामिल हुए। सोशल मीडिया में भी किसी ने कहा- सोशल मीडिया रास्ता है, लेकिन ये सच नहीं है।

भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि, किसी ने कहा कि, राजा की आत्मा ई.वी.एम., सी.बी.आई. और ई.डी., इनकम टैक्स में है। इसी राज्य के एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़ते हैं और मेरी मां

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुस्लिम संगठनों ने जुमे पर लोकसभा चुनाव कराने पर आपत्ति जतायी

कोझिकोड, 17 मार्च (वार्ता)। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की मुख्य सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और समस्त केरल सुन्नी स्टूडेंट्स फेडरेशन (एसकेएसएस एफ) जैसे कुछ अन्य मुस्लिम संगठनों ने चुनाव आयोग से केरल और तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए घोषित मतदान दिवस, 26 अप्रैल को शुक्रवार होने के कारण इस दिन मतदान स्थगित करने की अपील की है। शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय का पवित्र दिन माना जाता है।

मुस्लिम संगठनों ने संयुक्त रूप से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मु.मंत्री भजनलाल शर्मा के निवास पर सी.पी. जोशी व विधायक आक्या के बीच सुलह हुई

## देर रात तक चली बैठक, बैठक में दोनों नेताओं के मनमुटाव दूर हुए

जयपुर, 17 मार्च (का.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी और चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के बीच शनिवार देर रात सुलह हो गई। दोनों के बीच लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने पर सहमति बनी है। शनिवार देर रात तक जयपुर स्थित मुख्यमंत्री हाउस ओ.टी.एस. में लम्बी बैठक चली।

मुख्यमंत्री भजनलाल की मौजूदगी में निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी और चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या मीटिंग में रात 1 बजे तक रहे। इस बैठक की मध्यस्थता निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने की। उसके बाद विधायक चंद्रभान सिंह अब पूरा समर्थन भाजपा को देने के लिए राजी हो गए। बैठक में भाजपा से निष्कासित कार्यकर्ताओं को भी वापस पार्टी में लेने की बात हुई है। इन कार्यकर्ताओं को दो दिन बाद औपचारिक रूप से पार्टी जॉइन करवाई जाएगी। यह वो भाजपा कार्यकर्ता हैं, जो विधानसभा चुनाव के दौरान निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह के साथ जुटे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीचंद कृपलानी लगातार दोनों नेताओं का मनमुटाव को खत्म करने की



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निवास पर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई, जिसमें पुराने गिले-शिकवे दूर हुए।

■ मुख्यमंत्री भजनलाल की मौजूदगी में निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी और चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या मीटिंग में रात 1 बजे तक रहे।

कोशिश कर रहे थे। इसी बीच चंद्रभान सिंह ने लोकसभा में भी खुद के चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद दोनों के बीच चल रही कोल्ड वॉर फिर से सामने आने लगी थी। विधायक चंद्रभान सिंह के समर्थकों की संख्या ज्यादा है। ऐसे में दोनों नेताओं के टकराव से कांग्रेस को फायदा मिलने की आशंका थी। सी.पी. जोशी और आक्या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डी.एम.के. ने भगवान राम के जवाब में स्थानीय देवता मुरुगन को उतारा

## अयोध्या में भव्य मंदिर के निर्माण के बाद जमीनी स्तर पर तमिलनाडू में भी काफी जिज्ञासा व ''इन्टरैस्ट'' दिख रहा है आम जनता में

■ मुख्यमंत्री स्टालिन की डी.एम.के. सरकार इस चुनाव के माहौल में जनता में जोर पकड़ती धार्मिक भावना से कैसे और कब तक अछूती रह सकती थी।

■ पर भगवान राम की ही बात करना तो भाजपा के प्रपोगैण्डा को मजबूती देना होता, अतः तमिलनाडू सरकार ने स्थानीय देवता मुरुगन को आगे किया।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 मार्च। भगवान राम के अयोध्या स्थित भव्य मंदिर के दर्शन करने के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों के लोगों में जबरदस्त उत्साह और दिलचस्पी है, लेकिन यह मुद्दा अपने आप में इतना बड़ा नहीं है कि राम मंदि के निर्माण का श्रेय लेने वाली पार्टी भाजपा को इससे वोट मिल जाएं।

हालांकि, देश के अन्य भागों की बनिस्पत दक्षिण भारत के लोगों की धर्म और आध्यात्म में आस्था अधिक है, लेकिन उनके लिए धर्म और धर्म की साधना एक व्यक्तिगत विकल्प होता है और लोग व्यक्तिगत रूप से धर्म से जुड़े हुए नहीं हैं। इसके अलावा यहाँ भगवान राम के प्रति श्रद्धा और आदर तो है, लेकिन वह यहाँ के अकेले आराध्य देव नहीं हैं। यहाँ भगवान राम को भी जनता के ध्यानाकर्षण के लिए स्थानीय देवी-देवताओं से प्रतिस्पर्धा करनी होगी, जैसे कि तिरूपति के भगवान बालाजी, मदुरै का मीनाक्षी देवी मंदिर और रंगनाथ स्वामी (भगवान विष्णु का एक स्वरूप), चिदम्बरम में भगवान नटराज (भगवान शिव) आदि, इसके अलावा भी और कई देवी-देवताओं के पवित्र मंदिर यहाँ हैं।

ज्ञातव्य है कि करीब चार साल पहले भाजपा ने तमिलनाडू में अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

